अधोहस्ताक्षरी [illegible]ता में दिनांक 13.12.2023 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित की जा रही पेयजल योजना के कार्यो से सम्बन्धित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–

दिनांक 13.12.2023 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित की जा रही फेज –।। एवं ।।। के अन्तर्गत पेयजल योजना के निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में निम्नसानुसार उपस्थिति रही।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री यशवन्त कुमार सिंह | मुख्य विकास अधिकारी |
| 2. | श्री राजबली | सहायक अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) |
| 3. | श्री अंकित विश्वकर्मा | सहायक अभियन्ता (एस०डब्लू०एस०एम०) |
| 4. | श्री रामविलास यादव | जिला समन्वयक (डी०पी०एम०यू०) |
| 5. | श्री जय प्रकाश मिश्रा | आई०एस०ए० / आई०ईसी० (कोऑडिनेटर) |
| 6. | श्री चिरांग यादव | डी०पी०एम० (टी०पी०आई०) |
| 7. | श्री कृपा सिंह राठी | परियोजना प्रबन्धक (वेलस्पन) |
| 8. | श्री दुर्गेश पाण्डेय | परियोजना प्रबन्धक (जी०ए० इन्फ्रा) |
| 9. | श्री राजेश कुशवाहा | स्वंजन फाण्डेशन |

विभाग का नाम........ 2009

कृ०नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करें।

जिलाधिकारी भदोही

09 JAN 2024

बैठक में दिये गये निर्देशों का कार्यवृत्त बिन्दुवार है।

1. मेसर्स जी०ए० इन्फ्रा एवं मेसर्स वेलस्पन को निर्देशित किया गया है कि **फेज –।। एवं ।।।** के अन्तर्गत जो **भूमि विवादित /उपलब्ध** नही है, उनका विवरण तैयार करते हुये एक बैठक विकास खण्ड वार सम्बन्धित उपजिलाधिकारी /तहसीलदार/लेखपाल के साथ सम्पन्न कराये एवं आगामी प्रस्तावित बैठक में 03.01.2024 में उक्त से सम्बन्धित कृत कार्यवाही से अवगत कराये।

(कार्यवाही परियोजना प्रबन्धक वेलस्पन/जी०ए० इन्फ्रा/सहायक अभियन्ता (जल निगम)

2. परियोजना प्रबन्धक मेसर्स वेलस्पन /परियोजना प्रबन्धक मेसर्स जी०ए० इन्फ्रा को निर्देशित किया गया कि फेज ।। के अन्तर्गत निर्मित किये जा रहे 229 नग एवं फेज ।।। के अन्तर्गत निर्मित किये जा रहे 129 नग शिरोपरि जलाशय की प्रगति के सापेक्ष **प्रतिशत वार रिपोर्ट** आगमी प्रस्तावित बैठक में 03.01.2024 में प्रस्तुत करें, साथ ही बैठक में उपस्थित जिला समन्यक, आई०एस०ए० एवं आई०ई०सी० को निर्देशित किया गया कि जनपद में निर्मित किये जा रहे फेज –।। एवं ।।। के अन्तर्गत शिरोपरि जलाशयों के निर्माण कार्यो का सत्यापन एवं फर्म द्वारा दिये जा रहे नल से कनेक्शन घरों के अन्दर कितने दिये गये है का सत्यापन पूर्ण करके आगामी बैठक में प्रस्तुत करें।

(कार्यवाही जिला समन्यक डी०पी०एम०यू० / परियोजना प्रबन्धक जी०ए० इन्फ्रा / प्रबंन्धक वेलस्पन / आई०एस०ए० कोऑडिनेटर)

3. जनपद में तैनात आई०ई०सी० श्री राजेश कुशवाहा (डी०सी०) मेसर्स स्वंजन फाण्डेशन एवं आई०एस०ए० से सम्बन्धित मेसर्स युक्क विकास सिमिति के कोऑडिनेटर श्री अंशुमान दूबे /मेसर्स जनकल्याण समिति के कोऑडिनेटर दिनेश कुमार / मेसर्स इण्डियन इंस्टीच्यूट फार डवलपमेन्ट स्टडीज के अरविन्द कुमार कोऑडिनेटर / मेसर्स ओम ग्राम उद्योग के रामू कुमार कोऑडिनेटर को निर्देशित किया गया कि जनपद में आवंटित कलस्टर वार प्रगति रिपोर्ट विवरण तैयार करते हुये आगामी बैठक प्रस्तुत करें।

(कार्यवाही समस्त आई०ई०सी० / समस्त आइ०एस०ए०)

अन्त में बैठक इस निर्देश के साथ सम्पन्न हुई कि आगामी बैठक में उक्त बैठक से सम्बन्धित समस्त प्रगति रिपोर्ट सम्बन्धित अधिकारी /फमर्स साथ लेकर उपस्थित हो, ताकि आगामी बैठक में पूर्व बैठक की प्रगति रिपोर्ट के सापेक्ष हुई प्रगति का आंकलन करते हुयें अग्रिम कार्यवाही की जा सकें।

अतः उपरोक्त सम्बन्धित कार्यवृत्त का अनुपालन करते हुये अनुपालन आख्या सप्ताहन्तर्गत उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

(यशवन्त कुमार सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी
भदोही

**कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी, भदोही।**

पत्रांक 2742 / कार्य-34 / 71 दिनांक 29-12-2023

प्रतिलिपि :— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय की सेवा में सादर सूचनार्थ ।
2. उपरोक्त समस्त सम्बन्धित कार्यदायी एजेन्सी/अधिकारीगणों को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि एक सप्ताह के अन्दर तथ्यपरक अनुपालन आख्या प्रत्येक दशा में अधिशासी अभियन्ता जल निगम के कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
3. समस्त खण्ड विकास अधिकारी भदोही।

मुख्य विकास अधिकारी
भदोही